हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025



खबर संक्षेप

## यातायात नियमों की अनदेखी, पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के मामले में यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। जिसमें बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने पर 307 लोगों पर कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मई से 20 मई तक पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस, निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात स्टॉफ द्वारा एमव्ही एक्ट एवं इंटरसेप्टर वाहन से नेशनल हाईवे पर कार्रवाई किया गया। जिसमें ओव्हर स्पीड वाहनों में 95 प्रकरण, शराब सेवन कर वाहन चलाना 21 प्रकरण, चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट 17 प्रकरण, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पर 1087 वाहनों में कार्रवाई किया गया। नाबालिग द्वारा वाहन चालकों पर 13 प्रकरण, इस प्रकार कुल 1513 वाहन चालकों से 448500 रुपए जुर्माना वसूला गया है।0 निर्धारित समय पर लोडिंग-अनलोडिंग करें यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने सभी मालवाहक चालकों से अपील है कि अपने निर्धारित समय में ही सामान लोडिंग-अनलोडिंग करें, ओव्हर स्पीड वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें।

माय एंगल




### शहर में भी पेयजल समस्या से जूझ रहे लोग, बारिश का इंतजार

# जलाशयों के कंठ सूखे, तालाबों में पानी नहीं, मोंगरा बैराज भी शुष्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तपती गर्मी के बीच पेयजल संकट की स्थिति और गंभीर होती जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पानी के लिए लोगों को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात यह है कि जिले के अधिकांश जलाशयों में दस फीसदी से भी कम जलभराव शेष रह गया है। इतना ही नहीं जिले के तालाब और कुंओं में भी पानी की कमी होने लगी है। इसके अलावा शहरवासियों को सप्लाई के लिए मंगाए गए पानी का 60 प्रतिशत ही शेष रह गया है। अब इन जलाशयों को मानसून और बेहतर बारिश का इंतजार बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि मार्च महीने के अंतिम सप्ताह से ही जिले में जलसंकट की स्थिति देखने को मिल गई थी। हालांकि प्रशासन ने जलाशयों से पानी मंगाकर आपूर्ति पूरी करने की कोशिशें की है, लेकिन अब जलाशयों में भी पर्याप्त पानी नहीं रह गया है। हालात यह है कि अधिकांश जलाशयों में पिछले साल के मुकाबले भी इस गर्मी जलभराव कम हो गया है। सालों बाद ऐसी स्थिति बनी है कि जलाशयों में जलभराव इस तरह कम हुआ है। इसकी बड़ी वजह मार्च से अब तक पड़ रही भीषण गर्मी को बताया जा रहा है। इसके चलते छोटे जलस्त्रोत और तालाब भी सूख गए थे, जिन्हें निस्तारी के लिए इन जलाशयों से भरा गया है। अब ये जलाशय पानी देने की स्थिति में नहीं है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए लोगों को पानी का सदुपयोग करने और इसे सहेजने के लिए कहा जा रहा है, ताकि मानसून के आने तक परेशानी न हो।





### मोंगरा में 9, ढारा में सिर्फ 3 फीसदी पानी

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सबसे बड़े मोंगरा बैराज में महज 9 फीसदी पानी ही शेष रह गया है। जबकि इसकी क्षमता लगभग 40 मिलियन क्यूबिक मीटर जलभराव की है। इसके अलावा ढारा जलाशय में भी महज तीन फीसदी ही जलभराव रह गया है। सूखानाला बैराज में 10 फीसदी, मटियामोटी जलाशय में 11, खातूटोला बैराज में 8 फीसदी, घुमरिया जलाशय में 9 फीसदी जलभराव शेष रह गया है। ज्ञात हो कि इन जलाशयों के भरोसे कई तालाब का वाटर रिचार्ज होता है, लेकिन इस बार भीषण गर्मी की वजह से उसमें भी दिक्कतें आई है।

### पानी की कमी से शहरवासी परेशान

इस गर्मी पानी की किल्लत से सर्वाधिक परेशान राजनांदगांव शहरवासी हुए हैं। पानी की कमी की स्थिति ऐसी है कि पिछले डेढ़ महीने से शहर में पानी की सप्लाई दो दिनों में तीन दफा ही हो रही है। पिछले दिनों शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए निगम ने मोंगरा बैराज से एक हजार क्यूसेक पानी मंगाया था। अब इसमें भी 60 फीसदी के लगभग पानी ही शेष रह गया है। ऐसे में इतने पानी से अगले 15 से 17 दिनों तक ही सप्लाई हो पाएगी। वहीं अब भी शहर के दो दर्जन से अधिक इलाकों में टैंकर के सहारे लोगों तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

### सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

विभाग ने संभावना जताई है कि इस बार मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। वहीं मानसून का आगमन भी इस बार 4 से 5 दिन पहले हो सकता है। पिछले साल जिले में मानसून ने 17 जून के बाद दस्तक दी थी। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि इस बार मानसून जिले में 12 से 16 जून के मध्य आ सकता है। ज्ञात हो कि बारिश आने के बाद ही शहर सहित जिलेभर में बनी पानी की किल्लत दूर हो पाएगी।

# स्टेडियम परिसर में शिफ्ट हुआ स्टेट बैंक, विस अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर के दिग्विजय स्टेडियम परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के नवीन भवन का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव सहित स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक राकेश सिन्हा भी उपस्थित रहे।

शहर के कामठी लाइन की तंग गली में संचालित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा आज दिग्विजय स्टेडियम परिसर के नवीन भवन में शिफ्ट हुई। इस शिफ्टिंग के अवसर पर शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसबीआई की शाखा का उद्घाटन करते बैंक के अधिकारी-कर्मचारी और आमजनों को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने उद्घाटन अवसर पर उपस्थित एसबीआई के उप महाप्रबंधक राकेश सिंह से कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में वह अपने सीएसआर का फंड लगाकर यहां की खेल गतिविधियों को बढ़ावा दें। वहीं सांसद संतोष पांडे ने संबोधित करते कहा कि पुरानी जगह में रास्ता काफी तंग था, सीढ़ियों से होकर ऊपर बैंक की शाखा में पहुंचना पड़ता था। लोगों को कई समस्याएं होती थी, लेकिन यह भवन एक बैंक के लिए जैसा व्यवस्थित चाहिए वैसा ही है। उन्होंने इस नवीन भवन के लिए बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी । वहीं महापौर मधुसूदन यादव ने भी इस नवीन भवन को लेकर कहा कि यह भवन खाता धारकों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। एसबीआई मेन ब्रांच के उद्घाटन अवसर पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, एसबीआई के शाखा प्रबंधक वरुण शुक्ला, संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, रमेश पटेल, पार्षद प्रियंका कुरंजेकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बेहतर व्यवहार का प्रशिक्षण

भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे बैंक के उप महाप्रबंधक राकेश सिन्हा ने कहा कि 2 वर्ष बाद यहां 75वां वर्ष काफी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने का पूरा प्रयास करते हैं। वहीं उन्होंने स्टेट बैंक के कर्मचारियों के रूखे व्यवहार के सवाल पर कहा कि लगभग 10 साल में बैंकों में काफी बदलाव और सुधार आया है। उन्होंने कहा कि लोगों से बेहतर व्यवहार हो, इसको लेकर ट्रेनिंग भी दी जाएगी, भविष्य में ऐसी शिकायतें नहीं मिलेगी।

### सरकार से फंड मांगने नहीं होगी जरूरत



उद्घाटन अवसर पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वर्ष 1952 से भारतीय स्टेट बैंक के शाखा राजनांदगांव में संचालित है। आज इसकी मुख्य शाखा का एक नवीन परिसर में उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां 2 लाख से अधिक खाता धारक हैं। एक हजार करोड़ का टर्नओवर है। 7 हजार पेंशनधारी खातेदार हैं और बैंक की 7 अलग-अलग ब्रांच है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा बैंक होने के नाते एसबीआई की विश्वसनीयता अधिक है। दिग्विजय स्टेडियम के इस नए परिसर में यह बैंक का भी सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि इस परिसर में एक-दो और बैंक और एलआईसी जैसी शाखा आएगी तो स्टेडियम के संधारण संचालन के लिए सरकार से फंड मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# 53 केंद्रों में प्री-डीएलएड व बीएड परीक्षा आज, 14 हजार बच्चे होंगे शामिल, दो पालियों में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शिक्षक बनने की राह देख रहे युवा आज प्री डीएलएड और प्री बीएड की परीक्षा देने केंद्रों तक पहुंचेंगे। जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 53 केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 14268 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा।

प्रथम पाली के तहत परीक्षा की शुरूआत सुबह 10 बजे होगी। जिसका समापन दोपहर 12.15 बजे होगा। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा की शुरूआत दोपहर 2 बजे होगी। जिसकी अवधि शाम 4.15 तक तय की गई है। परीक्षा को लेकर पहले ही साफ कर दिया गया है कि समय शुरू होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यही कारण है कि प्रशासन ने भी सभी विद्यार्थियों से समय से आधे घंटे पहले केंद्र तक पहुंचने की अपील की है। केंद्रों में परीक्षा के दौरान सभी प्रकार की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए हैं।

### खास बातें

- सरकारी स्कूल व कॉलेज के साथ ही निजी विद्यालयों को भी बनाया गया केंद्र
- फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ में रखना जरूरी, एंट्री के लिए चेकिंग के बाद भी मिलेगा प्रवेश

### नहीं ली गई परीक्षा के लिए आवेदन फीस

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को राहत दी है। सरकार के आदेशानुसार इस परीक्षा में शामिल होने वाले स्थानीय अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया गया है। इससे हजारों छात्रों को आर्थिक रूप से फायदा हुआ है। जिले में ही 53 केंद्रों में 14 हजार से अधिक बच्चे यह परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा में विद्यार्थियों से वैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगे।

### प्रदेशभर में बारिश को लेकर जारी किया गया अलर्ट

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं से लुढ़केगा तापमान, बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नौतपा शुरू होने से ठीक पहले अंचल सहित प्रदेशभर में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण जिले सहित प्रदेश में बारिश और आंधी के हालात बन रहे हैं। बारिश होने से अगले 24 घंटों के दरमियान औसतन तापमान में दो से चार डिग्री तक कमी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। राजनांदगांव, केसीजी सहित एमएमसी जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीप, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में 21 मई को मानसून सक्रिय हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव से अगले 12 घंटे में एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बनने की संभावना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 36 घंटे में बनने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तरप्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**सतर्क रहने के निर्देश :** अगले तीन दिनों में बारिश के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। ऐसे में इस दौरान सुरक्षित रहने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। एक्सपर्ट के अनुसार गड़गड़ाहट सुनने के बाद घर के अंदर जाएं या सुरक्षित पक्के आश्रय में रहें। अगर कोई आश्रय उपलब्ध नहीं है तो तुरंत उखड़ू बैठ जाएं। पेड़ों के नीचे न ठहरे, बिजली लाइन से दूर रहे और बारिश के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने से बचे।

### बारिश के बने रहेंगे हालात

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है। प्रदेश में कल 22 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने। जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### हुनरमंद हुए गांव के स्कूली बच्चे



**डोंगरगांव।** पीएमश्री प्राथमिक शाला अमलीडीह में समर कैंप का आयोजन 12 से 21 मई तक किया। कैंप में योगा, स्पोकन इंग्लिश, खेल, पेंटिंग, मिट्टी, बांस शिल्प, नाटक, संगीत, फूलों और मोतियों से माला बनाने के बारे में बच्चों को बताया गया।

### प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे 5304 परीक्षार्थी

**मोहला।** जिले में कल 22 मई को बीएड एवं डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली में 10 से 12.15 बजे तक बीएड प्रवेश परीक्षा तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से 4.15 बजे तक डीएलएड प्रवेश परीक्षा होगी। दोनों परीक्षा में कुल 5304 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। प्री बीएड परीक्षा सेजेस मोहला, कॉलेज मोहला, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मोहला, सेजेस अंबागढ़ चौकी, कॉलेज अंबागढ़ चौकी, बालक उच्चतर माध्यमिक शाला अंबागढ़ चौकी, कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में होगी। इसी तरह प्री डीएलएड परीक्षा सेजेस मोहला, कॉलेज मोहला, कन्या माध्यमिक शाला मोहला, सेजेस अंबागढ़ चौकी, कॉलेज अंबागढ़ चौकी, बालक उच्चतर माध्यमिक शाला अंबागढ़ चौकी, कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी, सेजेस मानपुर, कॉलेज मानपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा, उच्चतर माध्यमिक शाला खडगांव, उच्चतर माध्यमिक शाला गोटाटोला, संस्कार उच्चतर माध्यमिक शाला अंबागढ़ चौकी में होगी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र लाना होगा।

### भोजटोला में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार अंतर्गत कल 22 मई को ग्राम पंचायत भोजटोला में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणों से शिविर में शामिल होने अपील की है।

### किसानों को निःशुल्क पौधे देने की तैयारी

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत करवारी के सरपंच और वन समिति प्रबंधक



अध्यक्ष धीरन दास चेलक के सौजन्य से किसानों को निःशुल्क पौधे मुहैया कराने मिश्रित पौध नर्सरी तैयार की जा रही है। इस नर्सरी में विभिन्न पौधे उपलब्ध होंगे, जिन्हें किसान अपनी आवश्यकताओं और कृषि भूमि की अनुकूलता के अनुसार प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि करने में सहायक होगी। यह नर्सरी केवल पौधे तैयार नहीं कर रही बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर रही है। नर्सरी के संचालन और पौधों की देखभाल करने कई ग्रामीण सक्रिय हैं, जिससे उन्हें आजीविका कमाने का मौका मिल रहा है।

### सद्दाम बने नेता प्रतिपक्ष



**डोंगरगांव।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनदास साहू ने पहली बार निर्वाचित पार्षद सद्दाम खत्री को नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। गत 17 मई को खत्री के मनोनयन को लेकर सीएमओ को पत्र भेजा है। उल्लेखनीय है कि श्री खत्री विधायक दलेश्वर साहू के बेहद करीबी है। वह दो बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक प्रतिनिधि रह चुके है।

हत्या के विरोध में थाना का घेराव

### कांग्रेस नेता ने प्रशासन को चेताया

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने गत दिनों नवागढ़ सर्किल लोधी समाज के आव्हान पर आयोजित धरना



प्रदर्शन एवं चौकी घेराव में हिस्सा लिया। उन्होंने पीड़िता के माता-पिता से भी मुलाकात किया। उल्लेखनीय है कि चौकी सम्बलपुर के ग्राम सोनुपुरी की 11 वर्षीय मासूम के साथ तीन माह पहले दरिंदगी की घटना हुई थी। घटना के बाद अब तक न दोषी गिरफ़्तार हुए हैं और न पीड़ित परिवार को न्याय मिला है।घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ लोधी समाज ने थाने का घेराव किया। इस मौके पर श्री लोधी ने कहा बेटियों की आबरू पर वार करने वालों को संरक्षण मिलता रहेगा यह जंगल राज है। मासूम की हत्या के बाद भी दोषियों का खुलेआम घूमना और एक आरोपी का पुलिस हिरासत से भाग जाना यह साबित करता है कि प्रशासन ने लापरवाही बरता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दोषियों को गिरफ़्तार कर सज़ा नहीं दी गई तो लोधी समाज राज्यव्यापी आंदोलन करने बाध्य होगा।सभा को प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, विमल पटेल, गुरु रुद्र कुमार, आशीष छाबड़ा, जयप्रकाश लोधी, थानेश्वर साहू, जागेश्वरी वर्मा, संजीत बनर्जी, शशि, सुशीला जोशी ने भी संबोधित किया।

# बेलगाम बच्चे और युवा, शहर में फर्राटे से दौड़ रहे वाहन, बढ़ रहा दुर्घटना का खतरा, परेशान हुए नागरिक

## लापरवाहों के खिलाफ उठ रही कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

इन दिनों गंडई पंडरिया की सड़कों पर नाबालिग और युवा बेलगाम हो गए हैं। तेज रफ्तार और कटमार कर बाइक चलाने का चलन इतना बढ़ गया है कि आम जनता के लिए खतरा मंडराने लगा है। इन लापरवाह चालकों को मुख्य मार्गों से लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों, नगर की अंदरूनी सड़कों और सकरी गलियों में अनियंत्रित गति से वाहन चलाते देखा जा सकता है।

तेज रफ्तार बाइकों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे मासूम बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों आदि प्रभावित हो रहे हैं। पुलिसिया कार्रवाई के अभाव में इन नाबालिगों और युवाओं का मनोबल लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थिति भयावह होते जा रही है।

### कार्रवाई करें पुलिस

पार्षद दिलीप ओगरे ने बताया कि नगर में हाई स्पीड बाईक चलाने का दौर चालू हो गया है। भीड़ भाड़ वाले इलाकों पर हाई स्पीड बाईक चलाया जा रहा है जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह हाई स्पीड बाइक चलाने वालों का चिन्हाकित कर विधिसंगत कार्यवाही करें।

### हाईस्पीड वाहनों पर लगे रोक

पार्षद राकेश निषाद ने बताया कि बढ़ती दुर्घटनाओ का एक कारण हाई स्पीड गाड़ियां है जिस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। पुलिस प्रशाशन को चाहिए कि वह नगर के अंदर और बाहर नियम विरुद्ध तरीके से बाइक चलाने वालों पर कार्यवाही करे।



**स्पीड ब्रेकर बनाने नागरिक मजबूर**

सड़कों पर अनियंत्रित गति से दौड़ते वाहनों पर लगाम लगाने और बच्चों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए नगरवासी अब मजबूर होकर अपने घरों के सामने और मोहल्लों में स्पीड ब्रेकर बना रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वाहनों की रफ्तार कम होगी। हालांकि इन अमानक स्पीड ब्रेकरों की अत्यधिक संख्या सामान्य गति से वाहन चलाने वालों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

भीड़ वाले इलाकों में कट मारकर और हाई स्पीड में बाइक चलाना आजकल फैशन बन गया है। पुलिसिया कार्रवाई के अभाव में युवक, नाबालिग बच्चे और युवा इसे अपना पैशन समझने लगे हैं। वह नगर की सकरी गलियों, मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में हाई स्पीड बाइक चलाकर न केवल आम जनता, बल्कि अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। स्थानीय नागरिक लगातार युवक, नाबालिग और हाई स्पीड बाइक चलाने वाले युवाओं पर सख्त पुलिसिया कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जा सके।

## आसान उपलब्धता से क्षेत्र में बढ़ रही शराबखोरी

# शहर से गांव तक बिक रही शराब कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही है। पिछले दिनों ग्राम पंचायत खुड़मुडी के ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर अवैध शराब बिक्री की शिकायत दर्ज कराया था। मामले में कुछ गिरफ्तारियां भी हुई लेकिन उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।अब ग्राम पंचायत बुंदेली के ग्रामीणों ने ग्राम और उसके आसपास हो रही शराब बिक्री को लेकर प्रस्ताव पारित कर थाना छुईखदान में शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों ने अवैध तरीके बिक रही शराब के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामों और शहरी क्षेत्र में शराब की बिक्री का अक्सर खुलासा होते रहता है। नगर के वार्ड 3 से वार्ड 9, वार्ड 4, वार्ड 13 और वार्ड 14 में अवैध शराब बिक्री को लेकर नगर वासी काफी परेशान हैं। शहर के शराब शौकीनों को शराब दुकान खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ता। यहां पर सुबह चार बजे से मोहल्ले में शराब मिलने लगती है। यहां शराबियों को मोहल्ले में शराब का सेवन करने के बाद गली गलौज करते देखा जा सकता है। मोहल्ले वासी उनकी बेजा हरकतों को देखते हुए भय के कारण घर में दुबक जाते हैं। बेचने वाले निडरता के साथ प्रशासन को खुली चुनौती देते धंधा चला रहे हैं।



### नींद में आबकारी विभाग

अवैध शराब बिक्री को लेकर नगरवासियों का कहना है कि आबकारी विभाग के कुंभकर्णीय नींद में सोए रहने के कारण कोचियों की चांदी हो गई है। नागरिकों ने प्रशासन से आबकारी विभाग को अवैध शराब के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश देने का आग्रह किया है।

### खानापूर्ति करने आते हैं पुलिस वाले

अवैध शराब बिक्री को लेकर कई बार नागरिकों और ग्रामीणों ने शिकायत किया लेकिन पुलिस वाले तलाशी लेकर खाली हाथ लौट जाते है। पुलिस को कोचियों के घर शराब नहीं मिलती जबकि उनके जाने के बाद शराबी आते हैं तो उसी घर से शराब पीकर निकलते हैं। लोग कहने लगे है कि पुलिस वाले केवल खानापूर्ति करने आते हैं और खाली हाथ चले जाते हैं।

### बस स्टैंड में खुलेआम शराबखोरी

शराब बिक्री को लेकर शिकायते तो लगातार हो रही है किन्तु कार्यवाही शून्य है। हालत यह है कि पीने वाले सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करते रहते है।बस स्टैंड के पास पेड़ के नीचे, पुराने जनपद भवन के पास फुटबॉल मैदान सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराबियों का मजमा लगा रहता है।

# कांग्रेस ने फूंका मंत्री का पुतला



**घुमका।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बुधवार को गांधी चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्व राजीव गाँधी की पुण्य तिथि मनाई। कार्यक्रम के बाद श्री बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर विद्युत की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने ज्ञापन जेई आशीष कुशवाह को सौंपा। उन्होंने कहा कि 15 दिवस के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरी तो ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

- सोफिया पर विवादित टिप्पणी का विरोध

इस दौरान नायब तहसीलदार रामलखन चौहान, टीआई बसंत बघेल मौजूद थे। कांग्रेसियों ने बस स्टैंड में सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयानबाजी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया। इस दौरान पूर्व विधायक बघेल ने कहा कि सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित राजपूत, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, पीयूष दुबे, खेमचंद वर्मा, राकेश वर्मा, नेमदास साहू, सौरभ वैष्णव, केशव सेन, जितेंद्र साहू, राजेश शान, डेरहा वर्मा, हंसा सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# प्रसाद योजना में लाखों खर्च पर काम दस साल से लंबित



**डोंगरगढ़।** प्रसाद योजना के क्रियान्वयन में लगातार विलंब होने के कारण शहर को किसी प्रकार का लाभ मिलता नजर नही आ रहा है। श्री यंत्रम, साधना केन्द्र एवं माता बम्लेष्वरी के दरबार में होने वाले निर्माण की अधिकारी दूर बैठकर समीक्षा कर रहे है। हाल ही में भाजपा नेता नीलू शर्मा को पर्यटन मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद गत दिनों उन्होंने पिछले 10 सालो से चल रहे कार्यों एवं प्रसाद योजना का निरीक्षण किया और मौके पर ठेकेदार सहित विभागीय अधिकारियों को जल्द ही काम को पूरा करने और गुणवता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए है। श्री शर्मा के निर्देश के बाद भी काम की गति में किसी प्रकार का बदलाव नहीं आया है।

### कई कार्य अपूर्ण

रोपवे कार्यालय के उपर प्रसाद योजना के तहत लाखों खर्च कर 80 से 100 केबी का सोलर पैनल लगा तो दिया गया है किन्तु अब तक अपूर्ण है। ठेकेदार की मनमानी के कारण उस योजना का लाभ ट्रस्ट समिति को नहीं मिल रहा है। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति चाहती है कि उक्त सोलर पैनल को ग्रीड सिस्टम से जोडा जाए जबकि कंपनी के ठेकेदार ने बैटरी बैकप सिस्टम से जोडने का हवाला देकर काम बंद कर दिया है। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि ग्रीड सिस्टम से जोडने से रोपवे संचालन में खपत के बाद विद्युत विभाग स्टोरेज सौर ऊर्जा का उपयोग कर सकेगा और ट्रस्ट को आनेवाले बिल भार में कमी आएगी।

# जमीन हड़पने का आरोप, गरीब महिला ने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरकारी और निजी जमीन पर अवैध प्लाटिंग की शिकायतों के बाद अब जमीन स्वामी को डरा धमका कर उसकी जमीन पर बने मकान को तोड कर कब्जा करने की शिकायत मिली है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से धन्नीबाई ध्रुवे पति स्व शिवराम ध्रवे ने कर न्याय की मांग की है। यह मामला ग्राम पंचायत चौथना का है। इस मामले में दुर्ग भिलाई के निवासी एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। उक्त व्यक्ति पिछले 15 से 20 सालो में शहर में अवैध प्लाटिंग कर रहा है। शिकायत कर्ता ने बताया कि लगभग 150 सालों से उनके परिजन जमीन पर काबिज है। उसी जमीन में रह कर जीवन यापन करते आ रहे है। इस जमीन से लगी अन्य जमीनों को उक्त व्यक्ति खरीदना बताया जा रहा है। वह उनके मकान को तोडने की धमकी देकर जमीन खाली करने दबाव बना रहा है। जमीन मालिक के साथ काम करने वाला बुधवारी पारा के व्यक्ति द्वारा लगातार गाली गलौच करने के अलावा गुंडे बदमाशों के साथ धमकाने के प्रयास किया जा रहा है। शिकायत कर्ता ने उन्होने जमीन और खुद की सुरक्षा के लिए उचित कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर के अलावा पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी से भी शिकायत किया है।



### जमीन खरीदने का दावा

इधर दुर्ग भिलाई के संजय साठवने ने बताया कि उन्होंने रजिस्ट्री करवाकर जमीन खरीदा है। उन्होने जमीन की प्लाटिंग कर बेचने की बात स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिंग कई लोग कर रहे हैं। अन्य पर कार्यवाही होती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि महिला की आड में कुछ लोग 2 लाख मांगने दबाव बना रहे हैं जबकि वह विधिवत काम कर रहे है।

## अर्जुनी में समाधान शिविर का आयोजन, विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हुए ग्रामीण

# समाधान शिविर में चार हजार आवेदनों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 मई को ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 ग्राम पंचायत अर्जुनी, रामपुर, बुद्धूभरदा, बनहरदी, किरगी ब, सिंगारपुर, केसला, धौराभाठा, सालिकझिटिया, घोरदा, बनभेडी एवं सुखरी से प्राप्त मांगों एवं शिकायत के 3945 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा, विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी बैंक, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य ने निराकरण के प्रतिवेदन का वाचन किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जनपद सीईओ ने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के 5 हितग्राही को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विभाग को 2296 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2296 का निराकरण किया गया।

### लोगों को मिला लाभ

समाधान शिविर में 6 किसानो को किसान किताब, 3 हितग्राहियों को जाब कार्ड, 9 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 10 किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड, 4 को श्रमिक कार्ड, 5 को प्रधानमत्री आवास योजना पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिशुओं का अन्न प्राशन्न, गोद भराई, पोषण किट वितरण किया।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

समाधान शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, रेशम लाल साहू, ममता, सरपंच ललिता साहू, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग आदि शामिल हुए।

### उमरवाही पहुंचा प्रशासन

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत उमरवाही में 21 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1759 आवेदनों में से 1748 मांगों एवं 11 शिकायतों का निराकरण



किया गया। अधिकारियों ने आवेदनों के समाधान की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, नवीन जाबकार्ड, , मछली जाल, बीज, श्रमकार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र तथा ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग ने गोद भराई व अन्न प्रसान कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, हरिला चंद्रवंशी, जैमुन कंवर, भेषबाई साहू, कलेक्टर, तहसीलदार अकांक्षा साहू, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मंत्री से प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़ापे की अगुवाई में बीते दिनों प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से सौजन्य मुलाकात कर ग्राम पंचायत चारभाटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण तथा ग्राम पंचायत अंडी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में उन्नयन किए जाने हेतु औपचारिक मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करते कहा कि चारभाटा का वर्तमान स्वास्थ्य केंद्र अत्यंत जर्जर स्थिति में है। जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं अंडी क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और दूरी को देखते हुए वहां उप-स्वास्थ्य केंद्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन आवश्यक है। जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। प्रतिनिधि मंडल में चंद्रकुमार देवांगन, बोधीराम साहू, गिरवर साहू, अश्वनी साहू शामिल थे।

## मीडियाकर्मियों से बदसलूकी के बाद कलेक्टर से हुई थी शिकायत

# अवैध ईंट भट्टे से किया पांच लाख लाल ईंट जब्त, कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नियमों को ताक पर रखकर बीते कई सालों से जारी अवैध ईंट भट्ठा संचालक द्वारा पत्रकारों से बदसलूकी मामले में कलेक्टर के आदेश बाद प्रशासनिक अमले ने बड़ी कारवाई करते हुए लगभग पांच लाख ईट जब्त कर लिया है। छुईखदान एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित राजस्व व खनिज विभाग ने अमले ने मौके पर पहुँचकर संचालक से भट्ठा संचालन को लेकर वैध दस्तावेज मांगा नही होने की बात पर फौरी कारवाई करते हुए पंचनामा, बयान लिया और लगभग पांच लाख पके पकाए लाल ईंटों सहित भट्ठे में पकने के लिए रखी ईंटों की जपती की है। हालांकि इस दौरान गॉव के कुछ किसानों ने बताया कि पीएम आवास के लिए उनके द्वारा ईंट बनाया जा रहा है, लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नही सुनी और अपनी कारवाई जारी रखी।



### जिले में बड़ी संख्या में अवैध ईंट भट्ठे का संचालन

गौरतलब है कि दो दिन पहले घिरघोली गॉव में अवैध तरीके से ईंट भट्ठा संचालन की जानकारी मिलने पर पड़ताल करने जिले के तीन पत्रकार मौके पर पहुंचे लेकिन वहॉ भाजपा के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव कोमल जंघेल के भाई चुम्मन जंघेल ने उनके साथ बदसलूकी की और अमर्यादित व्यवहार किया जिसके बाद जिला पत्रकार संघ, जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने मंगलवार सुबह कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए कारवाई की मांग की है। जिसके बाद उनके निर्देश पर प्रशासन ने बड़ी कारवाई करते हुए ईंटों का जब्त कर लिया है। गौरतलब है कि नियमों को ताक पर रखकर जिले में बड़ी संख्या में ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है। इस कारोबार से जंगल, जमीन और जल के अस्तित्व पर लगातार खतरा बढ़ रहा है। लाखों रुपए की राजस्व नुकसानी हो रही है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी।

### सत्ता सुख ले रहे भाजपाई

पहले चिमनी भट्ठे का संचालन करने वाले चुम्मन जंघेल के पास उसका दस्तावेज था, लेकिन बीते कुछ सालों से चिमनी का काम बंद कर वो हाथ भट्ठा का संचालन कर रहा हैं जिसका कोई वैध दस्तावेज नहीं है यह जानने के बाद भी अधिकारी कारवाई करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे थे। भट्ठा संचालक के व्यवहार से आहत और आक्रोशित पत्रकारों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करने के बाद प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम अविनाश ठाकुर ने बताया कि इलाके में अवैध भट्ठे की संचालन को लेकर राजस्व व खनिज विभाग ने शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में कारवाई कर लगभग पांच लाख लाल ईंटों को जब्त किया गया है। विस्तृत जॉच बाद नियमानुसार कारवाई की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में सत्ता सरकार के काबिज होने के बाद कतिपय भाजपा नेता पीएम सीएम और पार्टी की विचारधारा जनसेवा को दरकिनार कर अपना व्यवसाय बढ़ा रहे है। शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में सामग्री खरीदी, सप्लाई जैसे मामलों में कमीशन का खुला खेल जारी है।

# धरती आबा अभियान से जिले में 16 गांव का होगा समग्र उत्थान

■ सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बीते साल गांधी जयंजी के दिन दो अक्टूबर को चालू किए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में जिले के 16 गॉवों का समग्र उत्थान होगा। जनजातीय गांवों व आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना अभियान का उद्देश्य है जिसके तहत 17 मंत्रालयों द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले 25 हस्तक्षेप को अभियान मे शामिल किया गया है।

जिले में धरती आबा अभियान अंतर्गत खैरागढ़ ब्लाक के 6 ग्राम पंचायतों के सात गॉव और छुईखदान ब्लाक के 9 ग्राम पंचायतों को मिलाकर 16 चयनित ग्रामों के कल्याण व संवर्धन के लिए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन मे कार्ययोजना बनाकर संबंधित विभाग ने कार्य प्रारंभ कर दिया है।

आदिवासी विकास विभाग में पदस्थ सहायक आयुक्त देवेन्द्र सिंह पाटले ने बताया कि जिले में निवासरत जनजातीय वर्ग के लोगों के उत्थान को लेकर प्रारंभ धरती आबा अभियान अंतर्गत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, आगंनबाड़ी, आवास में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना है, ताकि अभिसरण और संतृप्तिकरण के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकें।

### जागरूकता अभियान चलेगा

अभियान के माध्यम से ग्राम/कलस्टर स्तर पर शिविरों के माध्यम से दीर्घकालिक व तात्कालिक गतिविधि अंतर्गत आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जन-धन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा यथा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका संबंधी योजनाएं जैसे एमजीएनआरईजीए, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण, महिला एवं बाल कल्याण अंतर्गत पीएमएमवीवाई, आईसीडीएस लाभ, टीकाकरण सहित जनजातीय परिवारों को पक्का घर, गांवों में सड़क, बिजली, पानी, मोबाईल मेडिकल यूनिट्स, आवासीय विद्यालयों व छात्रावास/आश्रमों के उन्नयन के अलावा कौशल विकास और रोजगार के अवसर की उपलब्धता गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियांवयन को लेकर 15 से 30 जून तक धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन संचालित किया जायेंगा जिसका उद्देश्य अंतिम स्तर पर व्यक्तिगत अधिकारों कों संतृप्त करना और डीए जेजीयूए के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

### एमीलि चार्ल्स बनी राष्ट्रीय अध्यक्ष

**राजनांदगांव**। समाजसेवी एवं समाज सेवक संघ के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय संयोजक संजीव सिंघल ने हुस्टन टैक्सास की एमीलि चार्ल्स को समाज सेवक संघ (सोशल सर्विस फोरम) का यूएसए (अमेरिका) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि उनकी नियुक्ति पर चीन की समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्वेन टुआजोन, भारत के समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. स्वाति देवांगन, प्रियांशु सिंघल, यूपी (इंडिया) के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, नेमिन देशमुख, यामला साहू, उमा साहू, देवदास साहू, प्रमिला साहू, लक्ष्मी निषाद, सावन सोनी, लक्ष्मी साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, संगीता रावटे, आदि ने शुभकामनाएं दी।

# संगीत विवि की गतिशीलता से अवगत कराने राज्यपाल से मिली कुलपति

**खैरागढ़**। इन्दिरा कला संगीत विवि मे होने वाले बदलाव और विकास की गतिशीलता सहित अन्य गतिविधियों से अवगत कराने कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा ने कुलाधिपति व राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। पदभार ग्रहण करने के बाद विवि के त्वरित गति से होने वाले विकास की जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिवसीय कलात्मक शिविर में 254 विद्यार्थियों ने अलग-अलग कलाओं की शिक्षा ली जिन्हें समापन अवसर पर अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हुए प्रोत्साहित करने प्रमाण पत्र दिया गया।

विभिन्न संस्थाओं से हो रहे एमओयू को लेकर चर्चा की और इस संबंध में कुलाधिपति से दिशा-निर्देश भी लिया। परिसर की सफाई व्यवस्था, कम्पोस्ट खाद निर्माण सहित अन्य विषयों से अवगत कराया साथ ही विवि के हित में होने वाली संभावनाओं को लेकर भी बात रखा। विशेषकर 50 सीटर बस की आवश्यकता को लेकर अवगत कराया।



### जुलाई में होगा दीक्षांत समारोह

कुलाधिपति ने असमिया साहित्यकार व लेखक रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा बनाने संगीत विवि को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए गुणवत्ता व परफेक्शन के साथ जल्द ही प्रतिमा निर्माण कराने कहा। गौरतलब है कि रघुनाथ चौधरी असमिया साहित्य के जोनाकी युग या रोमांटिक युग के लेखक थे। अधिकांश लेखन पक्षियों और प्रकृति पर आधारित होने के कारण उन्हें बिहोगी कोबी पक्षियों के कवि के रूप में जाना जाता है। चर्चा के दौरान कुलाधिपति ने जुलाई महीने के तीसरे सप्ताह होने वाले दीक्षांत समारोह में विवि आने की सहमति दी।

# शिविर में मनरेगा से 1.39 करोड़ के 39 नवीन कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार तहत ब्लाक के सलोनी में आयोजित शिविर में प्रभारी व वाणिज्य, उद्योग और श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन ने विभिन्न विभागों के स्टॉल में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली और अधिकारियों से आवेदनों का त्वरित व पारदर्शी ढंग से निदान करने कहा।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा सुशासन तिहार तहत गांव गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान को लेकर शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया जा रहा हैं। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है,वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे शासन की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना सिर्फ प्रशासन की नही बलिक आम नागरिकों का अधिकार भी है। नीतियों के सही क्रियांवयन और निगरानी से ही वास्तविक विकास धरातल पर नजर आता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना ही सुशासन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने, आम लोगों की शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने कहा। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सुशासन वह मजबूत आधार है जिससे माध्यम से समाज के अंतिम छोर मे खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को सुगमता से पहुंचाया जा सकता है। पारदर्शी, उत्तरदायी और जनहितकारी प्रशासन ही लोकतंत्र की असली पहचान है। इस दौरान पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति अरूणा सिंह बनाफर, जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, जनपद सदस्य खेमराज जैन, जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में 6 मांग और 522 शिकायत मिलाकर 528 आवेदन मिला।



### बना लर्निंग लाइसेंस, मिला महाजाल

शिविर में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। पंचायत विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आवास पूर्णता सहित 5 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति प्रमाण पत्र, कृषि विभाग ने 5 कृषकों को अरहर बीज, 2 हितग्राहियों को पीएम सम्मान निधि और 1 हितग्राही को स्प्रेयर पम्प वितरण किया। इसी प्रकार 6 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 3 को केसीसी कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को महाजाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को वय वंदन कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 3 स्कूलों को गणित विज्ञान किट, 2 संपर्क किट, 3 ऑडियो वीडियो किट दिया गया। खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 गर्भवती माताओं को सुपोषण किट और 3 बच्चो का अन्नप्राशन कराया गया। परिवहन विभाग द्वारा 1 हितग्राही का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया।

# युक्तियुक्तकरण के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन

**राजनांदगांव**। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य, जिला मुख्यालय के आयुक्त नगर निगम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला महिला बाल विकास अधिकारी सदस्य हैं। वहीं विकासखंड स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य हैं।

युक्तियुक्तकरण हेतु जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति को आवश्यक दायित्व दिए गए हैं। जिला स्तरीय समिति के दायित्व में विकासखंड स्तरीय समिति से प्राप्त शालाओं की सूची का परीक्षण करना, युक्तियुक्तकरण किए जाने वाले विद्यालय की सूची संचालक, लोक शिक्षण को प्रेषित करना, विकासखंड स्तरीय समिति से प्राप्त अतिशेष शिक्षकों की सूची में शिक्षक का नाम, पदनाम, पदस्थापना स्थल, विषय तथा संस्था में कार्यभार ग्रहण दिनांक सहित अन्य जानकारी का परीक्षण करना एवं युक्तियुक्तकरण पदस्थापना आदेश जारी करना। जिले में शिक्षक युक्तियुक्तकरण के पश्चात रिक्त पद नहीं होने के कारण शेष रह गए अतिशेष शिक्षकों की सूची संभागीय संयुक्त संचालक को भेजना शामिल है। विकासखंड स्तरीय समिति के दायित्वों में युक्तियुक्तकरण हेतु शालाओं का चिन्हांकन एवं उसे सूचीबद्ध करना, युक्तियुक्तकरण हेतु अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन एवं उसे सूचीबद्ध करना, रिक्त पदों की शालावार सूची बनाना और सभी सूचियों को जिला स्तरीय समिति को भेजना शामिल है। विकासखंड स्तरीय समिति इस बात का प्रमाण पत्र देगी कि उसके द्वारा नियमानुसार अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है तथा इसमें अन्यत्र संलग्न शिक्षकों का नाम भी शामिल है। जिनकी मूल पदस्थापना अतिशेष शिक्षकों वाली शाला में है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले को पांचवां स्थान

**राजनांदगांव**। जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के कुशल नेतृत्व में पहली बार राजनांदगांव ने माध्यमिक स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा में बाजी मारी है। राजनांदगांव जिले के लिए यह परिणाम बहुत ही उल्लेखनीय और सराहनीय रहा,

जहां पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा और उनकी टीम द्वारा सभी विकासखंडो में प्रधान पाठकों, शिक्षकों की लगातार कार्यशाला, बैठकें एवं मार्गदर्शन आदि के माध्यम से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर सकारात्मक माहौल का निर्माण किया गया।

### शिक्षा विभाग की टीम ने की मेहनत

तत्पश्चात सर्वाधिक बच्चों ने इस सत्र में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा के लिए पंजीयन किया। इसका परिणाम यह रहा कि राज्य स्तर पर राजनांदगांव जिले ने पहली बार पांचवा स्थान राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में पांचवा स्थान प्राप्त किया, जो जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है और उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम शिक्षा विभाग राजनांदगांव शिक्षकों व प्रधान पाठकों ने बहुत मेहनत किया। राजनांदगांव शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई कि कुल 141 बच्चों ने चयन प्राप्त किया और कक्षा 12वीं तक इन बच्चों को प्रत्येक वर्ष 12000 की राशि शासन द्वारा प्रदाय की जाती है। सत्र 2024 25 से जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के कुशल नेतृत्व में सूक्ष्म कार्य योजना बनाई गई और सभी स्तर पर प्रश्न बैंकों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा में आने वाले क्वेश्चंस को लेकर शिक्षक और प्रधान पाठक को काफी तैयारी, इसमें कराई गई। इसका परिणाम रहा कि शिक्षकों द्वारा प्रधान पाठकों द्वारा पंजीयन किए गए बच्चों को बारीकी से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स दिए गए।

# समाज सेवक संघ ने वितरित की साड़ियां

**राजनांदगांव**। समाज सेवक संघ द्वारा पाताल भैरवी मंदिर में जरूरतमंदों को साड़ियां वितरित की गई। समाजसेवी व संघ के संयोजक संजीव सिंघल, शिक्षिका सुशीला सिंघल, संघ की जिलाध्यक्ष यामला साहू एवं डोंगरगांव की तहसील अध्यक्ष उमा साहू ने पाताल भैरवी मंदिर में सर्वप्रथम काली मां का दर्शन कर उन्हें साड़ियां समर्पित की। तत्पश्चात मंदिर परिसर में निर्धन भिक्षुणिओं को साड़ियां आर्पित की। इसी प्रकार उन्होंने वृद्धा आश्रम में भी वहां के प्रभारी कमलेश कोसरे को वृद्धजनों को वितरित करने हेतु केले एवं साड़ियां सौंपी गई एवं वृद्धजनों से भेंट कर उनका हालचाल पूछा।

## समाधान शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीण

# संड़ी शिविर में 48 सौ आवेदनों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत संड़ी के हाईस्कूल मैदान में बुधवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समस्या का समाधान करने जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एकत्रित हुए और समस्या का समाधान करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित विभागीय अधिकारी सहित लगभग डेढ़ दर्जन गांव के ग्रामीण शामिल हुए।

संडी कलस्टर के 15 गांव से आवास, मनरेगा, पानी, पेंशन, महतारी वंदन सहित अन्य के 4827 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 4800 का निराकरण होना बताया गया। शेष 27 आवेदन का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभाग से संबधित 119 आवेदन मिला जिसे संबंधित विभाग को हस्तांतरित कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया है। शिविर में कृषि विभाग ने पांच किसानों को अरहर बीज का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पांच किसानों को सम्मानित किया गया।



### पैलीमेटा में शिविर आज

सुशासन तिहार के अगले पडाव में कल गुरूवार को पैलीमेटा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

### इनकी रही मौजूदगी

शिविर में जनपद अध्यक्ष पुष्पा जंघेल, उपाध्यक्ष राजू जंघेल, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, कैलाश वर्मा, प्रकाश जंघेल, दिवाकर सोनी, दूजेराम वर्मा, दीना वर्मा, प्रकाश वर्मा, रोशन जंघेल, खेलन जंघेल, ओमप्रकाश वर्मा, लेखराम शिवहरे, जयनेन्द्र वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, जनपद सीईओ रवि कुमार पटेल, तहसीलदार नेहा ध्रुव, बीएमओ मनीष बघेल, अनुविभागीय अधिकारी कृषि वीरेंद्र डहरिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीके उइके, कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग, नीतिश शर्मा, तीरथ साहू, शारदा साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा लाभ

इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी जन कल्याणकारी योजना के माध्यम से गांव का विकास कर रही है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। योजना के माध्यम से गरीब परिवार का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। उन्होंने लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि भाजपा सरकार की महत्वकांक्षी योजना से दूरस्थ गांव तक पानी, बिजली, सड़क, आवास आदि सुविधा निरंतर बढ़ रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, मजदूर और किसानों की सरकार है। चिलचिलाती धूप में जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी समस्या का समाधान करने आए हैं। सरकार का एक मात्र उद्देश्य योजना का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचना है। खम्हन ताम्रकार ने जन कल्याण कारी योजनाओं को गिनाते हुए ग्रामीणों को लाभ लेने प्रेरित किया।

# आत्मानंद स्कूल में समर कैंप का समापन, मेधावी बच्चे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में 12 से 21 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया।

समापन कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, हेमंत चोपड़ा, टोमन साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में 200 से अधिक बच्चे एवं पालक सम्मिलित हुए। संचालन सृष्टि शर्मा एवं वासुदेव साहू ने किया। समर कैंप में हुई गतिविधियों का फोटो और वीडियो की टीवी स्क्रीन पर फिल्मिंग व्याख्याता अनामिका सिन्हा एवं तौफीक राजा ने किया।

इस दौरान बोर्ड कक्षाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा दसवीं की राशि साहू पिता टोमन लाल साहू को 95 फीसदी अंक के साथ जिले के टॉप 10 सूची में स्थान बनाने पर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों के अलावा उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार 12 से 21 मई तक आयोजित समर कैंप के दौरान क्विज कॉम्पिटिशन, ब्यूटीशियन, पॉटरी सेशन, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, खेलकूद एवं अटल टिंकरिंग लैब द्वारा संचालित 3डी प्रिंटर, रोबोटिक्स, ड्रोन, टेलीस्कोप, आर्डयूनो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य गतिविधियां कराई गई। अटल टिंकरिंग लैब के संदीप कुमार वर्मा ने बच्चों द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल, 3डी प्रिंटर से बनाया गया कीचेन एवं वायरलेस रोबो कार चलाते हुए दिखाया। इस मौके पर व्याख्याता राजेंद्र गणवीर, यादवराम कोठारी, स्वाती वर्मा, नेहा साहू, दीपक भगत, शैलेश गौरकर, योगेश बोकडे, शैलेन्द्र साहू, कोमलता देवांगन, सोनल देवांगन, निशा साहू आदि मौजूद थे।



## सार समाचार

### मंच संचालक समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** मंच संचालक समिति जिला इकाई राजनांदगांव की



आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बैठक गत दिनों ग्राम सिंघोला में आयोजित की गई। उद्घोषक राकेश सिंघोलिया के संयोजन में आयोजित बैठक में मंच संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। पदाधिकारियों कुछ बिंदुओं पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। इस अवसर पर छोटू साहू, राकेश साहू, तीरथ यादव, दुष्यंत देशमुख, धनंजय साहू, वेदकुमारी साहू, इंदिरा चंद्रवंशी, अमित छत्तीसगढ़िया, लखनलाल साहू, खुशबू राकेश साहू उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन छोटू साहू ने किया। उक्त जानकारी राकेश साहू ने दी।

### आदि श्री सनातन सेवा संघ का गठन

**राजनांदगांव।** शहर में एक सेवा भावी संस्था 'आदि श्री सनातन सेवा



संघ' का गठन हुआ है। छत्तीसगढ़ स्तरीय पंजीयन होने की खुशी में जिला चिकित्सालय में बुधवार 21 मई को मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही यहां चिकित्सालय के लगभग सभी मरीज भर्ती वार्ड में जाकर फल वितरण कर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खुशी मनाएं। इस शुभ अवसर पर संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें अध्यक्ष नेमचंद साहू, उपाध्यक्ष गंगा यादव, सचिव स्वाति सेंद्रे जी, उप सचिव प्रवेश, कोषाध्यक्ष स्वाति रगड़े, सदस्यगण. रुक्मणी राव, सोनिया रजक, बिंदिया सिंह, कोनाली नंदनवार, योगेश यादव, राजेश रजक एवं नन्हे सेवक वैभव भट्ट (सिंगर) सभी उपस्थित रहे।

### ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा 18 मई से अंतरराष्ट्रीय हॉकी



स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं कई नए खिलाड़ियों ने भी तीरंदाजी में रूचि दिखाते प्रशिक्षण लेना शुरू किया। शिविर में खिलाड़ियों को तीरंदाजी की बुनियादी तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की सफल उपलब्धियों की सराहना की और तीरंदाजी संघ को यथासंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा ने संघ के पूर्व वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया और आगे खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया।

पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य को एकाग्रचित्त मन से साधने और निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। फिरोज अंसारी ने संघ के निरंतर प्रयास और खिलाड़ियों के परिश्रम के बारे में बताया और कहा कि इस लगन से की गई मेहनत जरूर सफल होगी और तीरंदाजी संघ अपने उचित लक्षात प्राप्त करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने अपने खिलाड़ी जीवन के संघर्षों के माध्यम से प्रेरित करते कहा कि प्रशिक्षकों के बताए मार्ग पर निरंतर मेहनत करने से सफलता जरूर मिलेगी। पार्षद शैकी बग्गा ने खिलाड़ियों को प्रेरणा देते अपने छात्र जीवन के बारे में बताया। राधेश्याम गुप्ता ने मंच का संचालन करते अतिथियों को संघ के विगत वर्ष की उपलब्धियों और आवश्यक संसाधनों की कमी से अवगत कराया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संघ अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, हॉकी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मृणाल चौबे, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, समाजसेवी राधेश्याम गुप्ता, पार्षद शैकी बग्गा और मूलचंद भंसाली सहित खिलाड़ियों के पालक भी मौजूद रहे।

### नवीन कानून के तहत ई साक्ष्य का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव रेंज स्तर पर 1 मई को 1 दिवसीय नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना में सहयोग हेतु विडियोग्राफी, फोटोग्राफी किए जाने हेतु ई-साक्ष्य, आईओ मितान, सीसीटीएनएस का प्रशिक्षण पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनादगांव के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में आयोजित हुआ।

उक्त प्रशिक्षण में रेंज के चारों जिला राजनादगांव, कबीरधाम, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई के 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

उक्त प्रशिक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, मानपुर-मोहला-अं. चौकी पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गीता वाधवानी, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी अजाक श्रीमती तुनुप्रिया ठाकुर उपस्थित थे।

**लाईव डेमो देकर प्रशिक्षण-** इस प्रशिक्षण में जिला प्रभारी सीसीटीएनएस द्वारा पावर पाईंट प्रजेंटेशन एवं लाईव डेमो देकर रेंज के सभी जिलों से आए विवेचना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना के दौरान प्रशिक्षण में ई-साक्ष्य, आईओ मितान,सीसीटीएनएस विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एनडीपीएस के प्रकरण में आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने हेतु विवेचना संबंधी निर्देश दिया गया। यह प्रशिक्षण नियमित रूप से आगामी सत्रों में भी आयोजित की जाएगी।

### विद्यार्थियों को विषय चयन के लिए मिला कैरियर गाइडेंस

# सरकारी स्कूलों में गणित और कॉमर्स में बढ़ेगी विद्यार्थियों की दर्ज संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए आज शहर के बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में विषय चयन पर आधारित कैरियर निर्माण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याताओं ने विद्याथियों को उचित मार्गदर्शन दिया।

कलेक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भुरे व जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल द्वारा राजनांदगांव जिले में नवीन शुरूआत करते विद्यार्थियों को कक्षा दसवीं के बाद उनकी आगे की शिक्षा के लिए कैरियर गाइडेंस दिया जा रहा है। कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होने के बाद बच्चों को आ रही कठिनाइयों के निराकरण करने के लिए इस प्रकार के आयोजन की शुरूआत जिला शिक्षा विभाग द्वारा की गई है, ताकि बच्चों के मन से दुविधा दूर हो सके।

#### छुरिया में होगा आयोजन

गुरुवार 22 मई को कार्यशाला का आयोजन विकासखंड छुरिया में किया जाएगा, जहां विकासखंड छुरिया के गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याताओं और सभी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने बच्चे शामिल होंगे ।



#### विद्यार्थियों ने की सराहना

कार्यशाला की उपयोगिता और महत्ता की उपस्थित विद्यार्थियों ने सराहना की और सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस प्रकार के मार्गदर्शन को नियमित रूप से आवश्यकता बताई। कार्यशाला में राजनांदगांव विकासखंड के सभी हाई स्कूल हायर सेकंडरी के गणित व कॉमर्स विषय के व्याख्याता तथा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल रहे।

#### डीईओ ने किया संबोधित

कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा बच्चों को गणित विषय, कॉमर्स, बायो एवं आट्र्स विषय से संबंधित क्या-क्या कैरियर ऑप्सन हो सकते हैं, किस तरह का कोर्स किया जा सकता है और उस कोर्स को करने के लिए संस्थाएं कहां पर है और उसके लिए किस तरीके से सुविधा मिलती है, इस पर विस्तार से सभी बच्चों एवं विषय शिक्षकों से चर्चा की गई।

#### रूचि के आधार पर विषय चयन

कार्यशाला में कैरियर और भविष्य में आने वाली नई चुनौतियों, रणनीतियों से अवगत कराया गया। वहीं सूक्ष्मता से सभी विद्यार्थियों को विषय चयन स्वयं की रूचि और अपनी क्षमताओं के आधार पर विषय का चयन किए जाने पर फोकस किया गया।

#### हो जाते हैं सुरक्षित

हमारे द्वारा लिया जाने वाला विषय हमारी क्षमताओं के आधार पर हो तो हम 50 प्रतिशत अपने भविष्य की ओर से सुरक्षित हो जाते हैं। कार्यशाला को मनोज मरकाम एपीसी समग्र शिक्षा, मनोज चौहान व्याख्याता, भगतसिंह ठाकुर तथा दीपक ठाकुर प्राचार्य सलोनी ने संबोधित किया।

#### शिक्षकों से उलझन सुलझाने कहा

कार्यशाला में शिक्षकों से गणित विषय को लेकर कैरियर निर्माण करने में बच्चों को आ रही दिक्कतों को सकारात्मकता से सुलझाने अथवा उसका निराकरण करने कहा गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे गणित, कॉमर्स और विज्ञान जैसे विषय को लेकर अपने कैरियर को बेहतर कर सकें।

#### कम हो रही विद्यार्थियों की संख्या

कार्यशाला में कहा गया कि उन संस्थाओं के शिक्षकों और प्राचार्यों की अतिरिक्त कार्यशाला लिया जाएगा।जिनके संस्थाओं में गणित अथवा कॉमर्स के बच्चों की संख्या निरंतर कम हो रही है। कार्यशाला समापन उपरांत शिक्षकों द्वारा बच्चों से फीडबैक लिया गया।

### घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर को फूंका

**राजनांदगांव।** घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर को आधी रात अज्ञात आरोपियों ने आग लगा दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बोरतलाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रार्थी धनसिंग लिल्हारे ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीती रात घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर को अज्ञात आरोपियों ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। घटना को पड़ोसी द्वारा बताए जाने पर परिवार व पड़ोसी ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सट्टा, 2 आरोपी पकड़े गए

**राजनांदगांव।** सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 मई को ग्राम अंजोरा आमा तालाब के पास अंकों पर रुपए-पैसे का दांव लगवाकर सट्टा खिला रहे आरोपी राजा राय 25 वर्ष साकिन निक्को कालोनी अंजोरा व दिनेश कुमार साहू 43 वर्ष साकिन गांधी चौक अंजोरा थाना सोमनी को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 नग सट्टा-पट्टी, 1 नग डॉट पेन व नगदी रकम 1720 रुपए को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सोमनी में धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड पर भेजा गया।

## आईटीबीपी के प्रधान आरक्षक पर आधी रात जानलेवा हमला

- उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधी रात अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से प्रधान आरक्षक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर मौजूद स्टॉफ में हडकंप मच गया था। घायल प्रधान आरक्षक को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर सरगर्मी से आरोपी की पतासाजी कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीबीपी बटालियन आवागमन कैम्प रक्षित केन्द्र में स्थित है। जिसमें लगभग 30-40 जवान रहते हैं। कैम्प में प्रधान आरक्षक जीडी किशन कुमार साहू, जो कैम्प की वर्तमान समय में क्वाटर मास्टर की ड्युटी कर रहा है। वह हमेशा क्वाटर मास्टर रूम, जीडी रूम में ही सोता है।

#### आरोपी की पतासाजी करने जुटी पुलिस

बीती रात अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से प्रधान आरक्षक किशन कुमार साहू पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई। खून से लथपथ प्रधान आरक्षक को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया, जहां से रायपुर चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया है। इस घटना की खबर जैसे ही अन्य स्टाफ को मिली, सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं अज्ञात आरोपी का सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा है।

## महिला समूह अध्यक्ष पर गबन का आरोप

### डोंगरगांव थाना में नहीं सुनी शिकायत, एसपी कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम करेठी की प्रज्ञा महिला स्व. सहायता समूह अध्यक्ष पर समूह की राशि गबन का आरोप लगाते अन्य महिला सदस्यों में मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। इससे पहले डोंगरगांव थाना पहुंची इन महिलाओं ने डोंगरगांव थाना में लगभग 5 घंटे बिठाकर रखने के बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखने का आरोप लगाया है और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से अपनी शिकायत दी है।

एसपी कार्यालय पहुंची पेमिन साहू, चित्ररेखा साहू, लोकिन, अनसुइया, सोनकुवर, सलेन्द्री और मुमताज बेगम ने कहा कि महिला समूह की अध्यक्ष श्रीमती गणेशिय



बघेल द्वारा फर्जीवाड़ा कर राशि 11 लाख रुपए गबन किया गया है।

#### लोन निकालकर गबन

अपने ज्ञापन में महिला समूह की सदस्यों ने कहा कि प्रज्ञा महिला स्व-सहायता समूह ग्राम करेठी में 10 सदस्य हैं। जिसमें एक अध्यक्ष श्रीमती गणेशियाबाई बघेल और सचिव मुमताज बेगम है। समूह की अध्यक्ष द्वारा नवीनीकरण के नाम हमसे हस्ताक्षर करवाकर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा डोंगरगांव से ऋण राशि 03-03 लाख दो बार आहरित किया गया। जिसकी जानकारी हमें नहीं थी। बैंक अधिकारियों द्वारा ऋण राशि जमा नहीं होने पर वसूली हेतु हमारे ग्राम करेठी में आकर हमसे संपर्क किए तो पता चला कि अध्यक्ष गणेशिया बघेल द्वारा अपने निजी उपयोग हेतु कुल राशि 6 लाख रुपए गबन कर लिया गया है। साथ ही समूह के नाम उसी बैंक में बचत खाता है। जिसमें से भी राशि ढाई लाख व वंदना ग्राम संगठन से भी ढाई लाख रुपए आहरण किया है। महिलाओं ने मांग की है कि समूह के अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

#### पुलिस की शिकायत

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची महिलाओं ने कहा कि डोंगरगांव थाना में टीआई ने उन्हें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिठाए रखा, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। वहीं उन्होंने बताया कि टीआई द्वारा एक माह रूकने कहा गया। जिसके बाद वह सभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर आयोजित संगोष्ठी सभा में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में उदयाचल संस्था द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया । इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पद्मश्री पुखराज बाफना, पद्मश्री फुलबासन यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी मौजूद रहे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा शामिल हुए। एक राष्ट्र एक चुनाव से देश में पड़ने वाले आर्थिक बोझ को खत्म करने सहित चुनाव से जुड़े अन्य मामलों में अपने विचार व्यक्त करते संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने केंद्र सरकार की इस राष्ट्रव्यापी पहल पर खुलकर बात करते इस प्रस्ताव की सराहना की। मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा ने वन-नेशन वन इलेक्शन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।



#### युवा पीढ़ी को समर्पित

शहर के गौरव पथ के समीप विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नालंदा परिसर की आधारशिला रखी। नालंदा परिसर को लेकर उन्होंने कहा कि यह परिसर विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक होगा । विद्यार्थियों को किताबें, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह साफ सुथरा बेहतर परिसर युवा पीढ़ी को समर्पित होगा।

#### प्रस्ताव हुआ पारित

इस संगोष्ठी सभा के आयोजन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लगातार तीन-चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद वर्ष 1968 के आसपास परिस्थितियां बदली, मध्यवर्ती चुनाव हुए और फिर चुनाव अलग-अलग होने लगे। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह स्थिति फिर से आएगी और देश के 4 से 5 लाख करोड़ रुपए की बचत होगी। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल एवरेज लगभग 6 चुनाव होते हैं। जिसमें पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव शामिल है। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी में आम सहमति से हम सब ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर प्रस्ताव पारित कर भेजा है।

## बस में सफर कर रही महिला के बैग से आभूषण पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बस में सफर कर रही एक महिला के बैग से सोने-चांदी के आभूषण पार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 16 मई को अपने ससुराल धनगांव से खैरागढ़ जाने के लिए बस में बच्चों के साथ बैठकर राजनांदगांव नया बस स्टैंड आई। वहां से दूसरे बस से खैरागढ़ जाने के लिए नया बस स्टैंड में खड़ी बस में बच्चों एवं बैग में रखे सामान को लेकर बैठ गई। सीट के ऊपर सामान रखने वाले केबिन में अपना बैग रखी थी।

उसी समय एक अज्ञात लड़का उसके बैग को नीचे उतारकर सीट के नीचे रख दिया, जब प्रार्थियां खैरागढ़ गई तो अपने बैग को खोलकर देखी, तब उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।




## करोड़ों का धान डंप, दो ट्रकों पर कार्रवाई, बिना पंजीयन के वसूला मंडी शुल्क

**राजनांदगांव।** बांधाबाजार मंडी क्षेत्र के जोरातराइ रोड स्थित मुरारी ट्रेडर्स नामक एक गोदाम में करोड़ों रुपए का धान डम्प किए जाने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मंडी प्रशासन द्वारा केवल दो ट्रकों के खिलाफ खानापूर्ति कार्रवाई कर मामले को रफादफा करने का प्रयास कर नाममात्र पेनाल्टी ली। बताया गया कि व्यापारी के पास मंडी का लाईसेंस भी नहीं और करोड़ों का धान उसके गोदाम में डम्प है।

मिली जानकारी के अनुसार गत 19 मई को कृषि उपज मंडी समिति बांधाबाजार ने मुरारी ट्रेडर्स जोरातराई रोड स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो ट्रकों में धान और मक्का लगभग 500 क्विंटल एवं गोदाम में रखे धान 170 और भवन में 7990 कुल मिलाकर 8160 क्विंटल पाया गया है। इस संबंध में व्यापारी के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए जाने पर दोनों ट्रकों में भरे माल को जब्त कर पांच गुना मंडी शुल्क अधिरोपित कर जुर्माना राशि वसूलने की जानकारी मिली है। जब्त किए गए धान के अलावा मक्का में भी पेनाल्टी की गई है। इसके अलावा गोदाम में पाए गए धान तथा मक्का का मंडी शुल्क जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है । जानकार सूत्र बताते हैं कि जब व्यापारी का मंडी में पंजीयन ही नहीं है तो फिर शुल्क कैसे जमा होगा? ट्रकों एवं गोदाम में करोड़ों रुपए की धान तथा मक्का अवैध है। इसके बाद भी तकरीबन 71 हजार रुपए पेनाल्टी लगाकर मामले को रफा-दफा किया जा रहा है। गोदाम में रखे धान की जब्ती नहीं की गई।

#### दिए जांच के निर्देश

भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती के समक्ष बांधाबाजार मंडी का मामला आने पर कृषि उपज मंडी के एमडी से इस संबंध में विस्तार से बात की है। एमडी ने पूरे मामले में जांच के कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। एमडी के निर्देश के बाद मंडी प्रशासन हरकत में आया है और अवैध रूप से डंप किए गए धान और मक्का को जब्त किए जाने की तैयारी कर ली गई है।

#### कार्रवाई की गई

बांधाबाजार कृषि उपज मंडी के सचिव यशवंत ठाकुर ने बताया कि मंडी द्वारा निरीक्षण किया गया था। ट्रकों में रखे गए धान और मक्के पर जुर्माना वसूला गया है। गोदाम में रखे गए धान को लेकर भी पेनाल्टी वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

#### खरीदी कर डम्प

बताया गया है कि मुरारी ट्रेडर्स द्वारा अंचल के किसानों से लाईसेंस नहीं होने के बाद भी धान की खरीदी कर गोदाम में धान और मक्का डम्प किया गया है। निरीक्षण में मंडी के अधिकारियों ने अवैध रूप से रखे धान को पाया भी है। इसके बाद भी जब्ती नहीं कर निर्धारित मंडी शुल्क पटाने के लिए कहा गया है, जो कि मंडी के नियम में ही नहीं होना बताया जा रहा है । बांधाबाजार मंडी में लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इसके बाद भी खुलेआम खरीदी का काम किया जा रहा है। अब मामला पकड़ में आने के बाद अब लाईसेंस के नवीनीकरण की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मुरारी ट्रेडर्स पर लाखों रुपए टैक्स के पहले से ही बकाया है, जो आज तक अदा नहीं किया गया है। इस संबंध में बांधाबाजार मंडी द्वारा कई नोटिस जारी की जा चुकी है।

**खबर संक्षेप**

## जिले में प्रत्येक जनपद से एक-एक मॉडल ग्राम होगा विकसित

**हरिभूमि कवर्धा।** शासन के दिशा-निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक मॉडल ग्राम चयनित कर उन्हें विकसित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया से मोहगांव, विकासखंड कवर्धा से बिरकोना, विकासखंड सहसपुर लोहारा से राजपुर और विकासखंड बोड़ला से बेन्दरची को चयनित किया गया है।

# समाधान शिविर में चार हजार आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏩ अर्जुनी

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 मई को ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 ग्राम पंचायत अर्जुनी, रामपुर, बुद्धूभरदा, बनहरदी, किरगी ब, सिंगारपुर, केसला, धौराभाठा, सालिकझिटिया, घोरदा, बनभेडी एवं सुखरी से प्राप्त मांगों एवं शिकायत के 3945 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा, विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी बैंक, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य ने निराकरण के प्रतिवेदन का वाचन किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जनपद सीईओ ने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के 5 हितग्राही को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विभाग को 2296 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2296 का निराकरण किया गया।



### लोगों को मिला लाभ

समाधान शिविर में 6 किसानो को किसान किताब, 3 हितग्राहियों को जाब कार्ड, 9 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 10 किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड, 4 को श्रमिक कार्ड, 5 को प्रधानमत्री आवास योजना पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिशुओं का अन्न प्राशन्न, गोद भराई, पोषण किट वितरण किया।

**जनप्रतिनिधि हुए शामिल :** समाधान शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, रेशम लाल साहू, ममता, सरपंच ललिता साहू, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग आदि शामिल हुए।

### उमरवाही पहुंचा प्रशासन

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत उमरवाही में 21 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1759 आवेदनों में से 1748 मांगों एवं 11 शिकायतों का निराकरण किया गया।



अधिकारियों ने आवेदनों के समाधान की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, नवीन जाबकार्ड, , मछली जाल, बीज, श्रमकार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र तथा ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग ने गोद भराई व अन्न प्रसान कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, हरिला चंद्रवंशी, जैमुन कंवर, भेषबाई साहू, कलेक्टर, तहसीलदार अकांक्षा साहू, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**सेवा का सम्मान नहीं, लापरवाही का इनाम, पांच साल से इंसेंटिव के लिए भटकते स्वास्थ्यकर्मी**

# फाइलों में दबी स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत इंसेंटिव वितरण में लापरवाही चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

जिले के जिला चिकित्सालय के स्वास्थ्य कर्मचारियों को बीते तीन वर्षो से इनसेंटिव नहीं दिया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष और नाराजगी बढ़ती जा रही है। इनसेंटिव वितरण में हुई अनियमितता का मामला भी उजागर हो चुका है, जिसमें सिविल सर्जन, आरएमओ, अस्पताल सलाहकार तथा लेखापाल और डाटा एंट्री आपरेटर के खातों में निर्धारित राशि से अधिक पैसा जमा किया गया, जबकि अन्य कर्मचारियों के खातों में कम राशि पहुंचाई गई।

कर्मचारियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर, सीएमएचओ, आरएमओ, सिविल सर्जन, स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल सलाहकार को आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बावजूद अब तक किसी भी लापरवाह अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि उच्च अधिकारियों से जब इनसेंटिव वितरण की जानकारी मांगी जाती है, तो उन्हें केवल तारीख पर तारीख देकर गुमराह किया जाता है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### कोरोना काल के योद्धा भूले, पांच साल बाद भी नहीं मिली इंसेंटिव




कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मचारियों को अब तक शासन द्वारा घोषित इंसेंटिव का लाभ नहीं मिला है। पांच साल बीत जाने के बाद भी इन कर्मियों को उनकी मेहनत का उचित सम्मान नहीं मिला है, जबकि उन्होंने महामारी के दौरान निस्वार्थ भाव से मरीजों का इलाज कर उनकी जान बचाई। वर्तमान समय में इनमें से कई कर्मचारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और डीएमएफ (जिला खनिज संस्थान न्यास) के अंतर्गत कार्यरत हैं। कोरोना महामारी के दौरान अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को उनके समर्पण और जोखिमपूर्ण सेवाओं के लिए इंसेंटिव देने की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य न केवल उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना था, बल्कि उनके कार्यों की सामाजिक मान्यता भी सुनिश्चित करना था। लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कबीरधाम जिले के अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को यह इंसेंटिव नहीं मिला है।

### आयुष्मान भारत के 6 हजार केस एंट्री पेंडिंग है

जिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत योजना के तहत 6,000 केस एंट्री पेंडिंग हैं। इन मामलों की एंट्री पूरी होने के बाद संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव) का लाभ दिया जाना है। लेकिन वर्तमान में इनसेंटिव का वितरण नहीं हो पाया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### कर्मियों का इन्सेंटव का पैसा राज्यस्तर से रुका है

सभी स्वास्थ्य कर्मियों का इन्सेंटव का पैसा राज्यस्तर से रुका है। शासन जैसे ही राशि जारी करेगी। हम सभी स्वस्थ्य कर्मचारियों को इंसेंटिव वितरण कर देंगे। कोरोना काल में बचे इंसेंटिव के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, क्योंकि वो मेरे कार्यकाल का नहीं है।

**डॉ केशव ध्रुव, सिविल सर्जन जिला अस्पताल, कवर्धा**

# जिला गोंड़ समाज सेवा समिति का बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

जिला गोंड़ समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम पंजीयन क्रमांक 21752 का बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष तिरुमाल तारकेश्वर मरकाम जमींदार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त ब्लॉक में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है, इसी क्रम में बुधवार को बैठक में सभी विकास खंड के निचली इकाई सेक्टर में सेक्टर के कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से एक सप्ताह भीतर किया जाना प्रस्तावित हुआ है, इसके लिए जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख को जिम्मेदारी दी गई है, ब्लॉक पदाधिकारियों को जिले के सभी ग्राम के डिहवार, छड़ीदार की सूची जिला संगठन को उपलब्ध कराने आदेशित किया गया है। वहीं 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन पर चर्चा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज प्रमुख के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### सहायक शिक्षक भर्ती को लेकर पदाधिकारियों से की मुलाकात



**हरिभूमि कोलेगांव।** सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त पदों-1316 पर जल्द 6 वीं लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर डीएड-डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने गत दिनों 20 मई को बड़ी संख्या मे रायपुर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मुलाकात करने पहुंचे वहीं अपनी मांगो को रखा। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था, जिसमे कोर्ट ने आदेश पारित किया था बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति किया जाए, जिसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1:1 मे बुलाया गया था, जिसमे नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगों को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया जिसके कारण अभी 50 प्रतिशत सीटे रिक्त रह गई हैं। वर्तमान मे रिक्त पदों की संख्या 1316 है, पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6 वीं चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है। अभ्यर्थी बार-बार विभाग जाकर थक चुके हैं विभाग जाने पर भी अधिकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है। बस टाल-मटोल कर बातो को घुमा दिया जा रहा है। नियमतः विभाग को पंचम चरण की काउंसलिंग पश्चात तत्काल छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी क्योंकि अभी भी भर्ती की वैधता 1 जुलाई 2025 तक बची हुई हैं, लेकिन विभाग नियमों को दरकिनार कर अभ्यर्थियों की मांग को अनदेखा कर रही है जिससे अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं, परेशान अभ्यर्थी अब अपनी परेशानी और जल्द सहायक शिक्षक की 6 वीं लिस्ट जारी करने व नियुक्ति की मांगो को लेकर बड़ी संख्या मे नेता मंत्री के पास पहुंचे। साथ हि इसके आलावा अभ्यर्थियों ने यह भी बताया की वर्तमान में 984 पद ऐसे हैं जिसमें विभाग में आज तक किसी को नियुक्ति ही नहीं दी उसमें टाल-मटोल व देरी करते हुए उस पद को अभी नियुक्ति से बाहर रखा है, जिसका मामला भी अभी हाईकोर्ट में चल रहा हैं और कोर्ट द्वारा इस मामले पर 8 मई को नोटिस भी जारी किया गया हैं और 15 दिवस के भीतर विभाग से जवाब मांगा गया है, अभ्यर्थियों की मांग हैं 984 रिक्त पदों को भी छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल करतें हुए जल्द रिक्त पूरे 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाए, जिससे पीड़ित योग्य अभ्यर्थियों को बार-बार विभाग, कोर्ट और नेता मंत्री के चक्कर लगाना न पड़े और जल्द उन्हें अपने हक अधिकार की नौकरी प्राप्त हो सके और कोर्ट के आदेश का भी पालन हो सके।

# छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार में विधायक ने दिखाया जनसेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏩ पंडरिया

छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार राज्य सरकार की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। इस आयोजन के माध्यम से शासन-प्रशासन जनता के सीधे संपर्क में आकर उनकी बात सुनता है और समाधान करता है। इसी क्रम में सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने एक बार फिर जन-समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया। कार्यक्रम में मोहतरा कला निवासी बेदराम यादव ने अपने साथ हुई बैंकिंग गड़बड़ी की शिकायत विधायक के समक्ष रखी। आवेदक ने बताया कि उन्होंने पशुपालन हेतु सेवा सहकारी समिति रमतला से 1 लाख का मध्यकालीन ऋण लिया था, जिसकी किश्तें सेवा सहकारी समिति किशुनगढ़-रमतला में समय पर जमा कर दी गई थीं। इसके बावजूद जिला सहकारी बैंक पंडरिया द्वारा ऋण बकाया बताते हुए वसूली की कार्यवाही जारी थी। इस गम्भीर शिकायत को सुनते ही विधायक श्रीमती बोहरा ने संबंधित विभागीय अधिकारी को तत्काल तलबकर फटकार लगाई तथा 4 दिवस के भीतर समुचित निराकरण के निर्देश दिए। विधायक के सक्रिय हस्तक्षेप के चलते आवेदक के खाते में गबन की गई राशि पुनः जमा कर समायोजित की गई और उन्हें कर्जमुक्त किया गया। बेदराम यादव ने इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही के लिए विधायक भावना बोहरा का हृदय से आभार जताया और कहा कि विधायक ने आमजन की समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझकर जिस तत्परता से समाधान कराया, वह प्रशंसनीय है। जनहित में सजग, कर्मठ और दृढ़ संकल्पित नेतृत्व का उदाहरण पेश कर विधायक भावना बोहरा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वे जनता की सच्ची हितैषी हैं।

# विभिन्न ग्रामों में अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति देने एवं जनता की मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरन्तर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण और तय समय में विकास कार्यो को पूरा करने के लिए वे स्वयं विधानसभा में होने वाले सभी कार्यों की समय-समय पर समीक्षा कर रहीं हैं, वहीं उनका निरीक्षण भी कर रही है। आज भावना बोहरा ने व्यापारियों एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर विभिन्न ग्रामों में 80 लाख 91 हजार रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम गोरखपुर कला में सामुदायिक भवन, सुरजपुरा में नाली, शौचालय एवं भवन, ग्राम कोसमंदा में भवन, रणवीरपुर में व्यवसायिक परिसर, डोंगरिया में सीसी रोड, नवघटा में भवन एवं ग्राम उड़िया खुर्द में सीसी रोड निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।



इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि देश की पहचान हमारे गांव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सभी निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

# सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली-मालगी में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा रैली निकालकर किया। श्री शिव महापुराण कथा महात्म में कथा वाचक आचार्य प्रशांत महराज ने बताया कि श्री शिव महापुराण की कथा परम आनंदकारिणी हैं अतः इसका नित्य श्रवण करना चाहिए, कथा के श्रवण मात्र से भगवान शिव हृदय में निवास करते हैं, श्री शिव महापुराण में 24000 श्लोक है और इसमें सात संहिताएं हैं, ज्ञान वैराग्य तथा भक्ति इन तीनों का वर्णन है। कलयुग के मनुष्य को चाहिए कि वह भक्ति ज्ञान वैराग्य अर्थात त्रिवेणी रूप इस कथा का आदर पूर्वक श्रवण करें। श्री शिव महापुराण कथा आदर व श्रद्धा से पठन व मनन करते हैं, वे मुक्त हो भगवान शिव के धाम को प्राप्त करते हैं। वहीं इस श्री शिव महापुराण कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहने समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं श्री शिव महापुराण कथा का परायणकर्ता संजू मिश्रा, ग्राम आचार्य कमलेश्वर शर्मा, व मुख्य यजमान प्रकाश सिंगरौल, मनहरण साहू विराजमान है। क्षेत्र में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन से अमली-मालगी सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

**उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों सहित राजस्व के प्रकरणों की गहन समीक्षा की**

# राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निराकरण करें




हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के समग्र विकास, किसानों की आर्थिक प्रगति, वनांचल एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा निर्माण कार्यो सहित राजस्व के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों की स्थिति पर गंभीरता जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहे। सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्रुटि सुधार, नामांतरण, बंटवारा सहित सभी राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान राजस्व संबंधी समस्या लेकर आता है तो उसकी बातों को गंभीरता से सुना जाए और त्वरित समाधान किया जाए। किसी भी किसान या ग्रामीण से इस संबंध में शिकायत नहीं आनी चाहिए। राजस्व अभिलेखों में पाई जा रही त्रुटियों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने पूछा कि ये त्रुटियां किस कारण और कैसे हुईं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक त्रुटिपूर्ण प्रकरण की कारणों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जिससे उन कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों को अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेज बी-1, नक्शा और खसरा जैसी जमीन से जुड़ी जानकारी के लिए नागरिकों को परेशान न होना पड़े। इसे अत्यंत गंभीर विषय मानते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को ये दस्तावेज सरलता से उपलब्ध होने चाहिए। यह शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर पटवारियों के माध्यम से इन दस्तावेजों की निःशुल्क प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए प्रत्येक हल्का क्षेत्र में तिथि निर्धारित कर मुनादी की जाए, ताकि नागरिक उक्त दिन आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर सकें। कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि इसके लिए सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन करें। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था से राजस्व कार्यो में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ेगा।

### पटवारियों की हल्का मुख्यालय में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समस्त मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ वनांचल क्षेत्रों में पदस्थ पटवारियों की अपने-अपने हल्का मुख्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विशेषकर दूरस्थ व वनों से आच्छादित क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को अक्सर अपने भूमि अभिलेखों या अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पटवारी अपने हल्का क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास करें, ताकि नागरिकों को त्वरित और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन वनांचल क्षेत्रों में वर्तमान में पटवारी कार्यालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर राजस्व कार्यालय की स्थापना की जाए।

**अनदेखी:** जिले के कई स्कूल भवन जर्जर, कई उधारी के भवनों में संचालित

# अंचल के जर्जर व खस्ताहाल स्कूल भवनों की नहीं ली जा रही सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षा सत्र 2024-25 समाप्त हो चुका है और ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद संभवतः आगामी 15 जून से नया शिक्षा सत्र भी प्रारंभ हो जायेगा। ऐसे में अवकाश के इन दिनों में शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग को इस बात की सुध लेनी चाहिए कि जिले के सरकारी स्कूल भवन की क्या स्थिति है और जो स्कूल भवन जर्जर व खस्ताहाल हैं उन्हें नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व दुरूस्थ करा दिया जाना चाहिए ताकि नए शिक्षा सत्र में स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार कोई परेशानी न हो और वे सुविधापूर्ण ढंग से विद्याध्यन कर सकें। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि लगभग आधा ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद भी जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिसका मतलब साफ है कि नए शिक्षा सत्र में भी विद्यार्थियों को उन्हीं समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जो वे बीते वर्ष भुगत चुके हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में संचालित ऐसे दर्जनों सरकारी स्कूल भवन हैं जिन्हें मरम्मत की दरकार है। इनमें से कुछ तो बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं और उनमें स्कूली बच्चे जान हंथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम बाहपानी की बात की जाए तो यहां संचालित सरकारी स्कूल भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। स्कूल भवन की दीवारों का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है।

भवन की खिड़कियों, फ्लोरिंग आदि का भी हाल बेहाल है। इसी तरह विकासखण्ड पंडरिया के ही ग्राम बाहपानी, कुशयरी, महिडबरा, हथिगुड़ान, मजगांव, पंडरीपानी, सेमहरा, कांदावानी, छीरपानी, जगखनाडीह, सिंगपुर, रोखनी, तेलियापानी लेदरा, अधचरा, भेलकी, देवानपटपर, बोहिल, गभोड़ा, बिरकोना, चियाडॉढ, आगरपानी, फिफलीपानी, भेढ़ागढ़, अमनिया सहित दर्जनों ग्रामों के स्कूलों की स्थिति मरम्मत योग्य है। यहीं स्थिति कमोबेश जिले के विकासखण्ड बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा के ग्रामीण व वनांचलों का भी है। ऐसी स्थिति में बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग इस ओर गंभीरता दिखाते हुए वक्त रहते हुए सरकारी स्कूल भवनो की मरम्मत कराने में रूचि दिखाए।

## बारिश में टपकती हैं स्कूल की छतें कमरों घुसता है पानी



यहां बताना लाजिमी होगा कि इन जर्जर स्कूल भवनों में अध्यनरत विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा परेशानी और समस्याओं का सामना वर्षाकाल के दौरान करनी पड़ती है। जो नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के कुछ दिनो बाद ही प्रारंभ हो पाएगा। बताया जाता है कि वर्षाकाल के दौरान इन जर्जर स्कूलों में से कईयों की छत टपकती है तो कईयों के कमरों में बारिश का पानी घुस जाता है ऐसी स्थिति में तो कई बार स्कूली बच्चों को स्कूल की कक्षाओं में छाता लगाकर बैठने मजबूर होना पड़ता है। वहीं स्कूलों में पानी भरने से बच्चों को छुट्टी दे दी जाती है। लेकिन हैरानी की बात है कि इन तमाम समस्याओं के बाद भी शासन-प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस खस्ताहाल स्कूल भवनो की सुध नहीं ले रहे हैं। जबकि देखा जाए तो इन दिनो प्रदेश की भाजपा सरकार बड़ी मात्रा में गांव-गांव में विकास व निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर रही है और उनके औहदेदार नेता हांथ में गेंती फावड़ा रखे इन स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो का जमघट लगाकर भूमिपूजन करते नजर आ रहे हैं। लेकिन जिले के खस्ताहाल स्कूलों के स्थान पर नए स्कूल भवनो की स्वीकृति कब मिलेगी और उनके भवनो का भूमिपूजन कब होगा इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

## कई स्कूलों के पास अपना भवन तक नहीं

जिले में कई ऐसे सरकारी स्कूल है जिनके भवन इतने जर्जर और खस्ताहाल हो चुके हैं कि अब इन स्कूलों के पास अपना भवन भी नहीं रह गया है। स्थिति ये है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे भवन विहीन स्कूलों का संचालन अब गांव के पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा दूसरे स्कूल भवनो में किया जा रहा है। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम भेलकी में संचालित सरकारी प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम लोखान की प्राथमिक शाला का संचालन वर्तमान में ग्राम पंचायत भवन में ही किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस सूची में जिले के विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा की कई और शालाएं है।

# निर्माण एवं विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं: विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपने प्रवास पर बुधवार को कवर्धा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने जहां प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक ली, विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए वहीं उन्होने कवर्धा नगर में निर्माणाधीन घोठिया रोड का निरीक्षण भी किया।

इस दौरान स्थानीय मीडिया से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा सड़क निर्माण का मौका मुआयना किया गया है जिसमें कुछ खामियां पाई गई है उन्हें लेकर संबंधित कार्य एजेंसी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, नगर पालिका के अधिकारियों तथा सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उन्होने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने, कार्य को व्यवस्थित तथा सुचारू रूप से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किए जाने कहा गया है वहीं संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में उपयोगी संसाधनो में वृद्धि कर कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों की भी सड़क निर्माण के चलते प्रभावित लोगों को होने वाली परेशानियों को दूर करने सड़क के किनारे बसे लोगों को घरों में आने जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने तथा पानी की समुचित व्यवस्था किए जाने कहा गया है।

उन्होने बताया कि निरीक्षण के दौरान वे सड़क निर्माण से प्रभावित लोगों से भी मिले तथा उन्होने सहयोग का भरोसा दिलाया। एक सवाल के जवाब भी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने के लिए जारी ऑपरेशन में बुधवार को सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नक्सल प्रभावित नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में बुधवार को 26 से अधिक नक्सली मारे गए हैं।

इसमें डेढ़ करोड़ का ईनामी नक्सली पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवाराजू भी मारा गया है। उन्होने कहा कि नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में यह एक और बड़ी कामयाबी है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव की टिप्पणी पर कहा कि यह कायमयाबी और सहयोग हम सभी का है, यह सफलता सभी के सहयोग का परिणाम है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए आवेदन 10 जून तक आमंत्रित

**कवर्धा।** शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी खिलाड़ियों (पुरुष एवं महिला) के लिए शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बीपीएड एवं डीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिन सहायक शिक्षकों की रूचि विभागीय प्रशिक्षण (बीपीएड अथवा डीपीएड) प्राप्त करने में है, वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम कार्यालय में 10 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण स्थल शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, पेन्ड्रा निर्धारित किया गया है। वहीं सत्र 2025-26 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी इच्छुक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भी बीपीएड एवं डीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मौसम का बदला मिजाज, झमाझम बारिश

**कवर्धा।** दिनभर उमस भरी गर्मी और तेज धूप के बाद बुधवार की एक फिर कवर्धा का मौसम अचानक बदल गया और देखते ही देखते ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस बेमौसम बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया वहीं लोगों को भीषण गर्मी से फौरी तौर पर काफी रात मिली। हालांकि माना जा रहा है कि दूसरे दिन अगर पुनः धूप खिलती है तो लोगों को एक बार फिर भीषण गर्मी और उसम का सामना करना पड़ सकता है।

# कांग्रेस ने मनाई भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पूण्यतिथि

■ स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता व सूचना क्रांति के जनक : होरीराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिला कांग्रेस कमेटी ने 21 मई को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती शहादत दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर स्थानीय जिला कांग्रेस भवन कवर्धा में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शामिल होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता, सूचना क्रांति के जनक हैं। उन्होने कहा कि देश के युवाओं को सशक्त बनाने, देश को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने की उनकी नीतियों ने भारत को तकनीकी और डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया। इसके अलावा युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण का अधिकार स्व. राजीव गांधी की ही देन है। श्री साहू ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की उनकी सोच आज भी हमें प्रेरित करती है। उनका जीवन, उनका सपना और उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के डिजिटलीकरण और एक समावेशी, सशक्त भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयासरत हैं। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। जिसमें रक्तदान करने वाले साथियों को जिलाध्यक्ष होरीराम साहू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू, कार्यालय प्रभारी गोपाल चंद्रवंशी, कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अगम अनंत, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री गणेश योगी, जलेश यादव, गिरधर घृतलहरे, रामगोपाल वर्मा, पप्पू वर्मा, निलेश वर्मा, चंद्रहास बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने उठाई दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने जिला कलेक्टर और सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य लिपिक अजय कुमार देवांगन के दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जांच और सत्यापन कराए जाने की मांग की है। संघ का कहना है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ के अनुसार, विशेष भर्ती अभियान के तहत श्रवण बाधित दिव्यांगता के आधार पर नियुक्त लिपिक अजय कुमार देवांगन का प्रमाण पत्र अस्थाई है, जिसकी वैधता 13 अगस्त 2018 को समाप्त हो चुकी है। नियमानुसार, नियुक्ति के लिए स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य है, लेकिन न तो प्रमाण पत्र का सत्यापन किया गया है और न ही कोई स्थाई प्रमाण प्रस्तुत किया गया है। संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि अजय कुमार देवांगन, मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी हैं और उन्होने बिलासपुर से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया है। उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद महाजन द्वारा जारी किया गया है, जिनके खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने की जांच स्वास्थ्य संचालनालय स्तर पर चल रही है। संघ ने रायपुर स्थित संभागीय मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता की पुनः जांच कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र ही इस मामले की जांच नहीं की गई, तो उपमुख्यमंत्री शर्मा का पुतला दहन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अजय कुमार देवांगन को सीएचसी झलमला पदस्थ किया गया है, लेकिन वे वहां आज तक उपस्थित नहीं हुए हैं और बावजूद इसके उन्हें वेतन भुगतान किया जा रहा है। वहीं, उन्हें पुनः सीएमएचओ कार्यालय में बुलाकर कार्य भी कराया जा रहा है। अब तक न तो कोई जांच समिति गठित की गई है और न ही दिव्यांगता के सत्यापन के लिए बोर्ड भेजा गया है। संघ ने इस पूरे प्रकरण में त्वरित जांच और पारदर्शिता की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## विपत्तिग्रस्त परिवार को 08 लाख रुपए चेक का वितरण

**कवर्धा** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज जिला कार्यालय कवर्धा में एक अत्यंत संवेदनशील पहल करते हुए ग्राम सिंगारपुर के वज्रपात पीड़ित परिवार को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 8 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक सौंपे। यह सहायता राशि दो अलग-अलग चेकों के माध्यम से विपत्तिग्रस्त माही पटेल को प्रदान की गई। चेक वितरण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में नागरिकों के साथ खड़ी है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 18 मई 2025 को कवर्धा जिले में अचानक मौसम बदला, आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ग्राम सिंगारपुर निवासी हेमलाल पटेल और उनकी पत्नी चैती पटेल अपने खेत में रखी प्याज की फसल को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल ढकने का प्रयास कर रहे थे। तभी अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से दोनों की मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने त्वरित संज्ञान लिया और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर दो दिन के भीतर ही प्रकरण का त्वरित निराकरण कर दिया गया। प्रशासन की तत्परता से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जो शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का परिचायक है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा स्थित श्री राम रसोई में किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने कबीरधाम (कवर्धा) प्रवास के दौरान जनसेवा की मिसाल बन चुकी श्री राम रसोई में आमजन के साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने साथियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्री राम रसोई की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और 30 में मिल रही स्वच्छ, पौष्टिक और स्वादिष्ट थाली की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं श्री अजय त्रिपाठी सहित राम रासोई से संजय देसाई, शैलेन्द्र उपाध्याय, पप्पु मिश्रा, रेखराज मुंदड़ा, अभय जैन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री राम रसोई कवर्धा में कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की एक जनकल्याणकारी पहल है, जहां मात्र 30 रूपए प्रति थाली में आम नागरिकों को गरम, ताजा और संतुलित भोजन परोसा जाता है। उपमुख्यमंत्री ने भोजन ग्रहण करने के बाद रसोई के संचालकों से मुलाकात की, उनकी मेहनत की सराहना की और कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के कमजोर तबके के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। श्री राम रसोई जैसे प्रयास यह दर्शाते हैं कि जब जनभागीदारी और सेवा भावना एक साथ मिलती है, तो समाज में बड़ा सकारात्मक बदलाव संभव होता है। इस पहल से न केवल ज़रूरतमंदों को सम्मानजनक ढंग से भोजन मिल रहा है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सेवा की भावना को भी सशक्त कर रहा है।

## शहीदों के नाम युवा कांग्रेस कवर्धा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**कवर्धा।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर कबीर की नगरी कबीरधाम शहर स्थित राजीव कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा ₹एक रक्तदान- शहीदों के नाम₹ विशेष शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 52 युवाओं ने रक्तदान कर आयोजन को और अस्मरणीय बना दिया।शिविर की परिकल्पना को साकार रूप देने में अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू, श्रीमती गंगोत्री योगी, अशोक ठाकुर, मणिकांत त्रिपाठी, गोपाल चंद्रवंशी, शिवप्रसाद वर्मा, सतीश गहरवार सहित कांग्रेस के वरिष्ठजन के मार्गदर्शन में किया।

गुरु महिमा पाठ संतों के प्रवचनों से गुंजायमान हो रहा अंचल में कई संतों का आगमन

# कबीर सतगुरु संत समारोह में जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में त्रिदिवसीय कबीर सद्गुरू संत समारोह का शुभारंभ गत 20 मई को विधि विधान से किया गया। संत परंपरा और गुरु महिमा के संदेशों से ओतप्रोत इस समारोह की शुरुआत दीप प्रजल्वन के साथ की गई। समारोह के प्रथम दिन गुरु महिमा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

विशेष रूप से बांधवगढ़ से पधारे महंत हरीश दास और दामाखेड़ा से महंत राजू दास ने अपने प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जन समूह को आध्यात्म सद्गुरू की महिमा तथा जीवन में भक्ति के महत्व से अवगत कराया। गुरु महिमा पाठ में क्षेत्र के महंत अमृत दास, लाला दास, रत्नेश दास, दिनेश दास, रामेश्वर दास, आरती दास, पंचू दास उपस्थित थे। इसके अलावा आयोजकों एवं समस्त कबीर पंथी समाज के आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. रूपनाथ मानिकपुरी के साथ सकल कबीरपंथ समाज के लोग जिनमें महिला शक्ति भी उपस्थित रहीं। रबेली क्षेत्र के संत रामू दास की मंडली ने भी क्षेत्रीय भाषा व लोक संगीत के मध्यम से कबीर दास जी के संदेशों को जनजन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम का सफल संचालन मंच के माध्यम से श्यामू दास कर रहे हैं उनके द्वारा कार्यक्रम संबंधित जानकारी दी जा रही है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार द्वितीय दिवस परम पूज्य गुरु माता साहिबा सुलक्षणा देवी का आगमन हुआ और उनके आगमन के उपरांत शोभा यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात उन्होने प्रवचन दिया। आयोजकों ने बताया कि सतगुरू संत समागम समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

संत समागम समारोह के आयोजन के विषय में बताया जा रहा है की यह आयोजन सिर्फ धार्मिक आयोजन या समारोह नहीं है यह कबीर पंथ की शिक्षाओं, समानता, करुणा और भक्ति का जीवंत उदाहरण है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर का लाभ लेने और संत वाणी से अपने जीवन को प्रकाशित करने की अपील की है।

# 14 बैगा बसाहटों का जागरूकता अभियान सह प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

जिले के पण्डरिया विकासखण्ड अंतर्गत 14 बैगा बसाहटो बिरहुडीह, कुण्डापानी, लिफडी, करहालू, नवाटोला, गभोडा, पण्डरीपानी, छीरपानी, गाडा सरैई, भुरभुसपानी, मजगांव, अमनिया, बीजापारा उपका, सरहापथरा में निवासरत विशेष पिछड़ी जन जाति को पर्यावास अधिकार कि मान्यता दिलाने कि दिशा में जागरुकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्राम मजगांव में आयोजित किया गया।

जिसमें 14 बैगा बसाहटों से 77 पारंपरिक बैगा महिला एंव पुरुषों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज सेवी संस्था आदिवासी समता मंच के द्वारा किया गया जो बैगाओं को पर्यावास अधिकार दिलाने में पिछले 4 वर्षों से लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में भाग ले रहे पर्यावास अधिकार कोर कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष गौठुराम बरंगिया ने बताया कि आज से लगातार 8 दिनो तक पूरे बैगा बसाहटो में प्रशिक्षण शिविर एंव जागरूकता अभियान जोर शोर चलाया जायेगा।

बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इतवारी राम मछिया ने बताया कि पर्यावास अधिकार लेना इसलिए जरूरी है ताकि पूरे पर्यावास क्षेत्र में बैगा समुदाय अपने रीति रिवाज़, अपनी मान्यताओं के साथ निरंतर रूप से रह पायेगा और अपने पर्यावास कि रक्षा कर पायेंगे तथा उसे समृद्ध कर पायेंगे।

आदिवासी समता मंच की अनिमा बनर्जी ने बताया कि बैगाओं के समाजिक, आर्थिक अधिकार, संस्कृति, जैव विविधता बैगाओं के सांस्कृतिक विरासत उनकी आस्था मान्यताओं का गांव वार दस्तावेज तैयार किया गया है जो पर्यावास अधिकार प्राप्त करने कि दिशा में एक प्रमुख कड़ी है। कार्यक्रम में आदिवासी समता मंच के सहेत्तर सिंह धुर्वे ने बताया कि 110 बैगा बसाहटो का नजरी नक्शा तैयार किया गया है।